into them. Hon. Members are expected to write to him. He will enquire into them. He has got an excellent vigilance arrangement with the NTC. Secondly, if my hon. friends had listened to the reply of the hon. Minister, they would not have raised these points. He has completely dealt with the Textile Policy on the NTC amalgamation scheme and he has stated that the scheme is still not implemented. It is under consideration. It is for my hon. friend, the smart, young, boy like Mr. Morarka to understand. He is failing to understand. कि हमारे प्राइम मिनिस्टर और मिनिस्टर साहब आपको जवाब दे देंगे । जो कुछ है. . (व्यवधान) . . .

श्री कमल मोरारका: आप डिफेंड क्यों कर रहे हैं ? Why do you want to defend it?

SHRI A.G. KULKARNI: I will defend what is defendable; I do not defend what is undefendable.

SHRI KAMAL MORARKA: We want one assurance from the Minister that no Government land will be sold.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: I raised a number of points. I gave a concrete case. I wanted to know why the Government entered into a foreign deal with a foreign country which would mean a loss of Rs. 9 crores to our country. This is not about a person or a Minister. Why should he not answer that?

SHRI H. HANUMANTHAPPA (Karnataka): We are discussing a Calling Attention. It is not a question-answer session. Even for questions the Ministers seek advance notice so that the Ministers can come thoroughly prepared with the information. The purpose of a Calling Attention is to call the attention of the Minister to the various aspects of a problem or situation with all of which he might be ready or he might not be ready. During the discussion various points come up and the Minister will study them and look into them. It is not always possible for the Minister to react then and there on the floor of the House in response to all the questions; he will have to get the points examined, inquired into. Therefore, we cannot convert this into a question-answer session. The Minister's answer may be satisfactory or may not be satisfactory. The idea is you draw the attention of the Minister through your points and questions to the lapses and lacunae and the Minister will study them and take necessary action. He cannot straightway react positively or negatively on the floor of the House. You have brought it to the notice of the Minister and he has taken cognizance of the points raised (*Interruptions*).

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA): Nothing will go on record.

SHRI H. HANUMANTHAPPA: The Chair has already called the next item. . . . (*Interruptions*) . . .

उपसभाध्यक्ष (श्री सत्य प्रकाश मालवीय) : जो विषय यहां उठाय गया उसके संबंध में श्री रामनिवास मिर्धा जी ने उत्तर दिया है, और बातों के सिलसिले में उन्होंने कहा कि मेरे पास लिखकर आयेगा तो मैं सदस्यों को सूचित कर दूंगा, कालिंग अटेंशन मोशन अब खत्म हो चुका है । दूसरा जो विषय है वह भ्रष्टाचार निरोधक विधेयक का है । अब हम उसको लेते हैं । श्री कैलाशपति मिश्र ।

(*At this stage some hon. Members left the Chamber.*)

PREVENTION O FCORRUPTION BILL 1987—Contd.

श्री कैलाश पति मिश्र (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, भ्रष्टाचार निवारण संशोधन विधेयक अभी तक देश में अनेक बार आ चुका है । 1947 में संशोधन विधेयक आया था, फिर 1964 में आया, फिर 1987 में आया और

[श्री कैलाश पति मिश्र]

इस समय 1988 में हम इसे पारित करने जा रहे हैं। मैं सरकार से एक घटना का उल्लेख करके जानकारी प्राप्त करना चाहता हूं कि इस संशोधन विधेयक से भ्रष्टाचार कैसे रुकेगा।

महोदय, देश के अंदर एक बड़ा प्रसिद्ध कारखाना है। एक तो बिहार में जमशेदपुर में टाटानगर में पड़ा हुआ है। इसी की कई कन्सर्न देश के अन्य भागों में काम कर रही हैं। एक वर्ष के बाद दूसरे वर्ष में उस फर्म की सम्पदा इस गति से बढ़ती जा रही है कि एक तरफ देश का आर्थिक विकास पर-केपिटा इन्कम की कितनी वृद्धि हो रही है इसका यदि हिसाब लगाये और टाटा कम्पनी का हिसाब लगाये तो कहीं कोई संतुलन नहीं दिखाई देता है। जमशेदपुर में लोहा बनाने की फैक्टरी लगी है। लोहे के कच्चे सामान की को लरीज अनेक स्थानों पर लगी हुई है। बासबानी और गोआमुंडा थे दो लोहे की खदानें बड़ी प्रसिद्ध हैं। उन खादानों से इस काम के लायक कच्चा माल टाटा कारखाने में आता है। जहां खादानें हैं वहां पर फेरो मैंगनीज कारखाना लगा हुआ है उसके अंदर संशोधन होकर तब वह कच्चा तत्व, कच्चा सामान टाटा फैक्टरी में आता है जिससे इस्पात बनता है। लेकिन फेरो मैंगनीज में एक विशेष प्रकार का कोयला लगता है जिससे वह सामान तैयार होता है उसके लिए जमशेदपुर में टाटा फैक्टरी के अन्तर्गत प्लांट लगा हुआ है। कोयले की खादान से पहले कोयला यहां निकलता है। उसको साफ किया जाता है। "पर्ल कोक और नोट कोक" के रूप में तैयार होता है तब बासबानी और गोआमुंडी मे फेरो मैंगनीज में काम करने के लिए भेजा जाता है। बीच में रेलवे का आदित्यपुर यार्ड बना हुआ है। टाटा कम्पनी उन रेलवे वालों से वैगन बुक कराती है अपने इस काम के लिए बासबानी और गोआमुंडी से रेलवे वैगन्स जमशेदपुर कारखाने के अंदर आते हैं और जमशेदपुर करखाने से सामान ले करके बासबानी और गोआमुंडी में रेलवे वैगन जाते हैं। आदित्यपुर में जो रेलवे यार्ड बना हुआ है। उसका डिवीजनल सेन्टर चक्रधर पुर में बना हुआ है। नियम यह है कि कि रेलवे में जो सामान बुक होता है उसकी एन्टरी होनी चाहिए और आर.आर. होनी चाहिए और दोनों हिसाब से भाड़ा मिलना चाहिये। पता नहीं यह कब से चल रहा है। रेलवे के डिब्बे दोनों तरफ से भरकर जाते हैं और भर कर आते हैं लेकिन लगातार रेलवे के डिब्बे रिकार्ड में खाली दिखाये जा रहे हैं। इसमें रेलवे के अधिकारी शामिल हैं, फैक्टरी के अधिकारी शामिल हैं, विजिलेंस के अधिकारी भी हैं। कहीं इसके ऊपर चैक नहीं होता सामान ढोया जा रहा है। उसका आधे से भी कम सामान रेलवे वैगन में बुकिंग होते हुए दिखायी जाती है। संयोग से 1974 में एक ईमानदार अफसर वहां पर आये। विजिलेंस अफसर थे उन्होंने उसकी छानबीन शुरु कर दी। छानबीन शुरु करने के बाद पता चला कि भारी घोटाला है। जैसे ही जांच शुरु हुई तुरन्त ऊपर से पदाधिकारियों से मिल कर उस अफसर का वहां से ट्रांसफर करा दिया गया। स्वराष्ट्र मंत्री जी केवल रेलवे का सवाल नहीं है देश के अंदर क्या चल रहा है, कैसे चल रहा है और सरकार किन-किन लोगों के हाथ में खेल रही है यह आपको पता नहीं है। लेकिन केवल तीन साल की जांच हुई। 73-74-75 की जांच हुई तो पता लगा कि टाटा कम्पनी के टिस्को के मालिक ने 50 करोड़ों रुपये से अधिक का घाटा केवल रेलवे को दे दिया। यानी 50 करोड़ रुपयों से अधिक का घाटा। मैं केवल एक साल की रिपोर्ट आपको पढ़कर सुनाना चाहता हूं :—

Number of wagons received and booked.

टाटा से केवल 13 वैगन्स बुक किये जाते हैं और वासवाई में वगन्स

प्राप्त होते हैं 27 । बुक किये जाते हैं 14 और प्राप्त होते हैं 24 । बुक किये जाते हैं 12 और प्राप्त होते हैं 23 । 30 प्राप्त होते हैं और बुक होते हैं निल । 31 प्राप्त होते हैं और बुक होते हैं निल । 12 बुक होते हैं और प्राप्त होते हैं 23 । बुक होते हैं निल और प्राप्त होते हैं 53 । प्राप्त होते हैं 66 और बुक होते निल । प्राप्त होते है 120 और बुक होते हैं निल और इसी प्रकार से बुक होते हैं निल और प्राप्त होते 77 । यह सन् 1977 का जनवरी से लेकर नवम्बर तक का रिकार्ड है । अगर आप इन तीन वर्षों की छानबीन करें तो आपको पता चलेगा कि 50 करोड़ का घाटा रेलवे को हुआ हैं । यह रुपया रेलवे को प्राप्त होना चाहिये था, यह उसको प्राप्त नहीं हुआ है । मैं यह भी कहना चाहता हूं कि यह घाटा केवल रेलवे को ही नहीं हुआ है बल्कि अन्य विभागों को भी हुआ है । अगर वुकिंग आधा दिखायें या कम दिखायें तो उसके अनुसार प्रोडक्सन भी कम दिखाया जाता है और अगर प्रोडक्सन आधा दिखाया जाता है तो उसका परिणाम क्या होता है । उसका आप अन्दाजा लगाइये। भारत सरकार को जितनी एक्साइज ड्यूटी मिलनी चाहिए थी उतनी नहीं मिलती है, जितना इनकम टैक्स मिलना चाहिए, उतना नहीं मिलता है । सबसे बड़ी बात यह है कि टाटा कम्पनी के अन्दर जिनके शेयर्स होते हैं उनका जो लाभ लोगों को मिलना चाहिए वह नहीं मिलता है ।

महोदय, इस मामले में केस चलाने के लिए अनुसंशा की गई थी और उसका पूरा-पूरा रिकार्ड भी हमारे पास है । मैं मंत्री महोदय से कहना चाहूंगा कि अगर वे कुछ कदम उठाने के लिए तैयार हैं, सरकार टाटा के विरुद्ध कुछ साहसिक कदम उठाने के लिए तैयार है तो सर्टिफाइड रिकार्ड हमारे हाथ में है, आप उसकी छानबीन कराइये । इतना बड़ा स्केन्डल एक प्राइवेट फर्म ने किया है । यह घोटाला करोड़ों और अरबों रुपयों तक पहुंच गया है । अरबों रुपये भारत सरकार के खजाने में नहीं आ रहे हैं, राज्य सरकार के खजाने मे जो रुपया आना चाहिए था वह नहीं आ रहा है । सरकार के पदाधिकारियों के द्वारा चाहे रेलवे के हों या बिहार सरकार के हों या केन्द्रीय सरकार के हों, लाख, दो लाख, पांच लाख और दस लाख रुपये जगह पर पहुंचा दिये जाते हैं । इस प्रकार से सारा का सारा केन्द्रीय सरकार का और राज्य सरकार का भट्टा बैठ गया है । इतना भयंकर घोटाला देश के अन्दर हो रहा है, लेकिन कोई कार्यवाही नही की गई है । मैंने प्रमाण के साथ केवल एक नमूना आपके सामने रखा है । इस संबंध में कार्यवाही करने का आदेश होने के वाद भी और कोर्ट का आदेश होने के बाद भी टाटा के मालिकों और अन्य अफसरों के खिलाफ कार्यवाही के नाम पर निलम्बन तक नहीं हुआ है । अन्य रेलवे के अफसरों के खिलाफ नौ-नौ मुकदमें चलाने की अनुसंशा हुई थी उनमें से रेलवे बोर्ड ने एक पर भी मुकदमा चलाने की इजाजत नहीं दी है । अगर ऐसा खेल खेलते रहने की इजाजत होती रही तो आप करप्शन प्रिवेंशन के एक नहीं अनेक एमेंडमेंट लाते रहिए, इनसे कोई लाभ मिलने वाला नही है और सरकार की ऐसी ही मंशा रही तो कभी भी करप्शन इस देश से समाप्त नहीं हो सकता है । मैं मंत्री महोदय से यह कहना चाहता हू कि जब वे अपना उत्तर द तो यह कह कर इस मामले को न टाल दें कि यह रेलवे का मामला है । मैं समझता हुं कि यह बात भारत सरकार का मामला है, भारत सरकार के फाइनेंस डिपार्टमेंट का मामला है, यह होम मिनिस्ट्री का मामला है, यह विहार सरकार और राज्य सरकार का मामला है । इसमें अरबों रुपयों का घोटाला हुआ है, दस्तावेज इसके प्रमाण हैं । मैं जानना चाहता हू कि इतने दस्तावेज होने के बाद सरकार इस संबंध में कौन-सा-कदम उठाने जा रही है ?

[श्री कैलाश पति मिश्र]

सरकार किस प्रकार से यह करने जा रही है ? अगर करने का संकल्प नहीं हो, करने की मशा नहीं हो, करने का साहस नही हो और मुट्ठीभर उद्योगतियों के हाथ में सरकार खेलती रहे, भ्रष्ट उद्योगपतियों के हाथ में सरकार खेलती रहे और सरकार का पूरा तंत्र अगर उनके अनुसार खेलता रहे तो एक बार नही बल्कि सौ बार भी अमेंडमट पास करा लीजिये उससे कुछ निकलने वाला नहीं है । पिछले तीन वर्षों में 50 करोड़ रुपयों का टाटा का घोटाले का मैंने जिक्र किया और जिस रास्ते से घोटाले चल रहे थे वह रास्ता आज भी जारी है, रुका नहीं है । अन-बुकड रेलवे वैगन लगातार अभी भी बड़ी संख्या में वहां पर काम कर रहे है । आज भी अगर वहां छापा मारा जाये, जांच की जाय तो ये सारे तथ्य, किसी को भी चौंकाने वाले तथ्य, आपके सामने आकर खड़े हो जायेंगे ।

उपसभाध्यक्ष (श्री सत्य प्रकाश मालवीय) : कृपया समाप्त करें ।

श्री कैलाश पति मिश्र : अगर हिम्मत नहीं है तो आप सर से पैर तक भ्रष्टाचार में डूबे रहने के लिये तैयार है तो ऐसे अमेंडमेंट्स से कुछ होने वाला नहीं है । धन्यवाद ।

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL (Punjab): Mr. Vice-Chairman, Sir the dawn of independence and democracy threw such new challenges to the Government which the alien rulers never addressed themselves to and the variety and magnitude of the task ahead obviously called for a vast administrative and implementation machinery. To begin with, the duties were discharged with a sense of sincerity and commitment. But with the governmental activities progressively spreading and covering new fields, here has been a perceptible decline in he standards of integrity and efficiency of our public administration. To achieve he goal of democratic socialism, the Government has been formulating well-considered schemes. But the results have not been up to the expectations because there has been a leakage of funds somewhere in the process of implementation. Today funds meant for important developmental activities and projects are misappropriated and the public property pilfered without any compunction. It is a sad reflection on our system that corruption has permeated to all levels of public administration. Fixed rates of bribery have come o be known and accepted for job recruitment, for grant of routine licences, for sanction of building plans, for sanction of water, electricity and sewer connections for grant of Scheduled Castes and Scheduled Tribes or Backward Class certificates, for supply of certified copies of public documents, for allotment of dwelling units under the Housing Schemes, for obtaining loans under the self-employment schemes, for registration of property and even for railway reservation and booking. Such a list is, in fact, endless. Individuals and businessmen also, while dealing with a Government department or a public enterprise, work out their cost and profits only after taking into account what is euphemistically called a fee payable for the work done or the service provided. Sir, the all-pervading corruption that has permeated into the vitals of our systems can legitimately be described as something universally condemned, helplessly lived with and willingly given or ruthlessly extracted.

To root out corruption, the Rajiv Gandhi Government has launched a relentless war. The latest step in this direction is the introduction of this Prevention of Corruption Bill, 1987, a consolidated Bill seeking to replace the existing law on the subject which was spread over a number of enactments and proved to be inadequate in fighting the menace effectively.

A distinctive feature of this Bill, Sir, is the widening of the definition of the term 'public servant', and in my opinion this should also help cleanse the public life and eliminate any chance of corrupt official seeking and enjoying political

patronage. Co-operative societies play a very significant role, particularly in rural life. But rampant corruption in their functioning has emaciated the co-operative movement. Today, the academic life of our Universities and colleges is also vitiated. Some unscrupulous elements for personal gains do not hesitate to inflict a crippling blow to the seats of learning. Cases are not wanting where examination papers are leaked, where unfair means are resorted to en masse and awards are altered for consideration. It is gratifying that the Government has taken a serious view of this malady and extended the provisions of the proposed new legislation to the co-operative societies ,as well as to all those persons who serve in the Universities and are associated with the holding of examinations. (*Time bell rings*) Sir...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA): There are 11 speakers from your Party and the time allotted is only 51 minutes. Hardly it comes to five minutes and you have already taken...

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL: Then, I don't think I will be able to speak...

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. CHIDAMBARAM): Let him continue. Sir.

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL: Sir, seeing the gravity of the prevailing situation, the Government has risen to the occasion to eliminate corruption with a heavy hand. Laying down of minimum sentence of imprisonment for any proven offence of corruption should serve as a deterrent to any delinquent public servant who indulges in corrupt practices And the Government has also rightly taken into account the prevailing situation where some people habitually resort to corrupt prctices. Enumerating various cases of such criminal minsconduct in Clause 13 of the Bill, an enhanced minimum sentence of imprisonment for one year and extendable to seven years has been appropriately provided for such offenders.

Sir, for expeditious disposal of cases, steps are postulated to hold trial of an offence on day-to-day basis and the formalities of committal proceedings are sought to be done away with. Power is also conferred to try certain cases summarily. Barring of writ petitions or grant of stay against interlocutory orders will also check the guilty from unduly prolonging the proceedings and from evading action. We have seen that the guilty often thwart the process of law by resorting to hyper-technicalities. Such tendencies are now sought to be checked by the provisions of the new Bill. This will inspire a sense of confidence in the public mind that Government means business, and means to fight corruption head on with firm determination. Such determination of the Government is also manifest from a provision of the Bill which postulates that for trial of offences under the new enactment special judges would be appointed. I do hope that the special judges to be appointed for this purpose would not be from amongst the sessions judges who are already, overloaded with the existing work.

Sir, another salient feature of the new Bill is that a person who is expecting to be a public servant and commits an act forbidden by this law would also attract its penal consequences. However, in my opinion. Explanation (a) added to clause 7 can cause some difficulty in a given case. For instance, a person may just happen to appear in an examination or an interview for a service, and thereafter obtain a gratification by making someone belive that he is about to be in office. If apprehended and convicted, he could well argue that the provisions of this clause are not attracted in his case because he did not expect to be in service. Sir, in view of this I feel that the touchstone for the applicability of the provisions of the new Bill should be the action of 'holding out' by the accused person and not his 'personal' belief. In

[Shri Pawan Kumar Bansal]

view of this I feel that this Explanation (a) needs to be omitted from the provisions of the Bill.

Also, Sir, the word "erroneously" occurring in Explanation (e) to this clause, I feel, should be deleted because this can also sometimes lead to a difficulty in the interpretation of the clause.

Sir, the resolute will of the Government to root out corruption is again clear from clauses 8 and 9 of the Bill which spread the net to cover those individuals also who take gratification as a consideration for inducing by corrupt or illegal means or by personal influence any public servant for the commission or omission of certain acts. This is a welcome povision. But I think the marginal note to clause 8 remains erroneous even after the amendment made thereto, because the words "by corrupt or illegal means" refer to an individual's act of influencing a public servant and not the act of taking gratification personally.

Sir, clause 23 of the Bill rightly says that in the case of misappropriation of any property entrusted to a public servant each particular item or the exact date of entrustment need not be described in the charge. This will definitely help curb corruption on the part of those public servants who often misappropriate the public property entrusted to them. But here I feel that the proviso to this clause which says that the time included between the first and the last of such dates shall not exceed one year, would in some cases nullify the effect of the main provision. For instance, the entrustment of some property to a public servant may remain for three years and it may be only at the end of that period that the fact of his misappropriating the property comes to notice. In such a situation the accused should not be able to avail of this embargo on legal action and avoid penal consequences.

4.00 P.M.

It is common knowledge that the poor victims of avarice of the unscrupulous and corrupt officials, or even their subordinates, rarely have the courage to report an offence to the vigilance authorities for fear of reprisals from the accused who are often influential persons. So, to make the law work, it is imperative that we devise a procedure, other than the hackneyed one, of using a decoy witness to lay a trap and apprehend the accused red-handed accepting the phenolphthalein-treated currency notes. This may not be dispensable outrightly, I agree, but it definitely calls for some innovative improvement. In any case, to inspire confidence and to check corruption in future, the Government would do well to inquire into the assets of those senior officers who have in the past held important but corruption-prone positions. Action against those at the top will have salutary effect right up to the bottom. However, I must hasten to add here that those with known good reputation must not be harassed under any circumstance whatever and we must convey the message that it pays to be honest.

We have often seen that anti-corruption laws do not necessarily wipe out the evil. On the contrary, the incidence and quantum of corruption or the rate of bribe is directly proportional to the risk involved. So, while I welcome the present Bill which demonstrates, as I said, the Government's keenness to intensify its fight against corruption by treating it as a social crime, I do take this opportunity to express the hope that steps would be taken not only to punish the guilty but also to create an environment that discourages people from taking or giving bribes. In this direction, rules of procedure will have to be simplified and delay in disposal of the files in various offices viewed seriously and action taken against those who delay the disposal of the files and adopt dilatory tactics. Also the points of contact between the officials and the public have to be minimised so that any possibility of malpractice creeping in is ruled out completely. The system of inviting sealed tenders also needs to be given up in favour of open bidding to eliminate manipulation by the conniving officials.

To conclude, I would say that besides the enactment of stringent laws, a continuous study has to go on into the causes, the points and forms of corruption, and means have to be devised to fight and overcome those with a strong will. Only then the crusade against the social evil will acquire any meaning and achieve success. Otherwise, the laws would remain sterile on the Statute book and invite only contempt from the corrupt.

With these words, I support the Bill.

श्री ईशदत्त यादव (उत्तर प्रदेश) : माननीय उप-सभाध्यक्ष जी, इस महत्वपूर्ण बिल पर चर्चा में भाग लेने का आपने जो अवसर दिया उसके लिए मैं हृदय से आभार प्रकट करता हूं । मान्यवर, यह जो नया विधेयक इस माननीय सदन में लाया गया है मेरी इससे कोई असहमति नहीं है, लेकिन निराशा है क्योंकि संथानम कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर 1947 में "प्रिवेंशन आफ करप्शन एक्ट" बनाया गया और फिर 1952 में "क्रिमिनल (अमेंडमेंट) एक्ट" पास किया गया और धारा 161 से 165-ए, भारतीय दण्ड विधान में यह प्रावधान किया गया । इस तरह के अपराध पर कंट्रोल करने के लिए या ऐसे अपराधों के लिए दण्ड की व्यवस्था की गई । अब 11-5-1987 को माननीय चिदम्बरम् साहब ने यह बिल पेश किया । मान्यवर, निराशा इसलिए हो रही है, यद्यपि मेरी असहमति नही है, परन्तु निराशा इसलिए हो रही है क्योंकि यह भ्रष्टाचार इस सरकार का और इस सरकार के कर्मचारियों का एक महत्वपूर्ण अंग हो गया है । इतने कानून बने इस देश में और कानून है भी, लेकिन यह कानून इतने कमजोर हो गए कि किसी भ्रष्टाचारी को पकड़ने में या किसी भ्रष्टाचार करने वाले को दण्डित करने में वैसे कम नहीं हैं, लेकिन इन कानूनों को जो अमल में मशीनरी लाती है, वो हमारी मौजूदा सरकार है, यह कमजोर है । इसी के परिणाम में मान्यवर, इस देश में भ्रष्टाचार बढ़ता चला जा रहा है । भ्रष्टाचार का संबंध इस सरकार से और इस सरकार के कर्मचारियों से चोली-दामन की तरह हो गया है । मुझे तो लगता है कि सरकार को इससे मोह हो गया है क्योंकि इस देश में जो कानून अब तक बने या मौजूद हैं, अगर इन पर, सरकार कड़ाई से अमल करती , अगर कड़ाई से पालन करती तो भ्रष्टाचार, मैं समझता हूं, समाप्त तो नही हो जाता, लेकिन कम जरूर हो जाता ।

मान्यवर, सरकार का रवैया क्या है । इनको पर्याप्त बहुमत मिला, प्रचंड बहुमत मिला सत्ता पक्ष में के लोगों को, लेकिन मैं कहूंगा, यह सरकार अस्थिर सरकार है । इस सरकार में मुख्यमंत्री तो प्रतिदिन कपड़े की तरह बदले जा रहे हैं, जैसे सुबह कोई कपड़ा पहना और शाम को दूसरा पहन लीजिए और भ्रष्टाचार का एक मुख्य कारण यह भी हो रहा है । अभी मान्यवर, इसी माननीय सदन के माननीय सदस्य थे, अब भी संभवतः हैं, श्री नारायण दत्त तिवारी जी, वे लंदन गए । अभी लंदन में उनका बिस्तरा खुला भी नहीं था कि यहां से आर्डर गए--वापस आइए । मैं समझता हूं, वे अभी लंदन और दिल्ली के बीच में ही था कि आधी रात की बेला में लखनऊ में उनको मुख्यमंत्री चुन लिया गया । मान्यवर, महाराष्ट्र का भी किस्सा इसी तरह का हुआ । मैं समझता हूं कि यह इस देश में पहली घटना हुई होगी कि रात को 12 बजे विधायक-मंडल की बैठक हो रही है नेता चुनने के लिए और दूसरे दिन भोर में लखनऊ और महाराष्ट्र में शपथ ग्रहण कराई जाती है चीफ मिनिस्टर को । इसी तरह यहां भी ताश के पत्ते की तरह मंत्रिमंडल में हेरफेर कर दिया गया कि योजना भवन से शास्त्री-भवन में बैठाया गया ।

अब मान्यवर, इसका परिणाम क्या होता है, इसके लिए मैं आपको उत्तर-प्रदेश का उदाहरण दे रहा हूं, हमारे माननीय वीर बहादुर सिंह जी वहां मुख्यमंत्री थे । सारी की सारी पोस्टों पर उन्होंने आदमी बैठाए, अब वह

[श्री ईशदत्त यादव]

एडमिनिस्ट्रेटिव पाइंट आफ व्यू से बैठाए या जैसे भी बैठाए... (व्यवधान)...

श्री सुरेश पचौरी : (मध्य प्रदेश) : मुख्यमंत्री के अधिकार के बतौर बैठाए ।

श्री ईशदत्त यादव : अब माननीय नारायण दत्त तिवारी जी वहां गए, रोज सुबह उठिए, अखबार में लंबी लिस्ट देखिए आई.ए.एस. आफीसर्स की, आई.पी.एस. आफीसर्स की । तो यह आज का चरित्र है, मान्यवर, और यह जो सरकार है, यह अस्थिर हो गई है । इसका कारण यह है कि जब रोज ताश के पत्ते की तरह और कपड़े की तरह लोग बदले जाएंगे और वह मनमाने ढंग से काम करेगा । अभी कल इसी बिल पर सत्ता पक्ष के श्री पशुपति नाथ जी बोल रहे थे । मुझे उनकी बात पसन्द आई । उन्होंने लेखपाल से लेकर बडे-बड़े अधिकारियों तक का वर्णन किया कि सब का एक दूसरे से लिंक बंधा है । स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी जो हमारे नेता थे वे बराबर कहते थे कि भ्रष्टाचार नीचे से ऊपर को नही जाता, वह टाप टू बाटम आता है । अगर हमारे मंत्री और बड़े अधिकारी ईमानदार हों तो क्रमशः उनके नीचे के कर्मचारी और अधिकारी ईमानदार होते चले जाएंगे । ऐसा नहीं है कि अगर सुपरिटेंडेंट आफ पुलिस या कलेक्टर ईमानदार है तो उसके नीचे काम करनेवाला एस.डी.ओ. या दरोगा घूस लेगा । आज भ्रष्टाचार कहां नही है? आज कोई भी कागज घूस दिए बिना चलता नहीं है । चाहे आप ब्लाक स्तर की बात ले लें, तहसील या जिला स्तर की बात ले लें घूस दिए बिना काम नही बनता है । अब तो लखनऊ, पटना और हर जगह के सचिवालय में भी यही स्थिति हो गयी है । इस तरह से यह सरकार भ्रष्टाचार को रोकने में एकदम असमर्थ हो गयी है । मान्यवर, जिलों में विजिलेंस इंस्पेक्टर्स रखे गए हैं । मान्यवर, मैं आपके माध्यम से माननीय गृह राज्य मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि वह एक वर्ष के आंकड़े बता दें कि जिलों में जो विजिलेंस इंस्पेक्टर्स पोस्ट किए गए हैं, उन्होंने कितने कर्मचारियों/अधिकारियों को घूस लेते हुए पकड़ा है । जिलों में विजिलेंस इंस्पेक्टर्स को आफिस दे दिए गए हैं और सुविधा दे दी गयी है । व्यवस्था की गयी है कि जिस आदमी से कोई अधिकारी/कर्मचारी घूस मांग रहा है, वह उनको लिखित देता है । उसके बाद टाइम एपांट करते हैं कि फलां वक्त जाकर तुम पैसा दे देना और हम गिरफ्तार कर लेंगे । लेकिन जब वह आदमी एप्लीकेशन देकर टाइम एपांट करता है तो घूस लेने वाले आदमी को पहले सूचना हो जाती है । कौन सूचना देता है ? यह विजिलेंस इंस्पेक्टर और उस विक्टिम के बीच म बात होती है। तब फिर यह कैसे दूर होगा ? मान्यवर, भ्रष्टाचार से संबधित जो जांच होती है यह जांच भी उन्हीं लोगों को मिलती है जिनका संरक्षण भ्रष्टाचार करने वालों को मिला हुआ है । इस तरह से यह सरकार असमर्थ हो गयी है । मान्यवर, मैं (समय की घंटी) तो माननीय गृह राज्य मंत्री जी से केवल एक ही चीज कहूगा कि वह केवल गाजियाबाद में जांच करा लें वहां कितने आई.ए.एस. रैंक के आफिसर्स के मकान बने हुए हैं ? जब ये अधिकारी सेवा में आए थे तो उनकी आर्थिक स्थिति क्या थी और आज क्या है । मान्यवर मैं उत्तर प्रदेश के अधिकारियों के बारे में जानता हूं । गाजियाबाद और नोएडा में जमीन खरीदकर मकान बनाने की होड़ लगी है । लाखों रुपयों के मकान बनते जा रहे हैं । यह पैसा कहां से आ रहा है ।

मान्यवर मैं चाहता था कि जो मंत्रीगण हैं, इन्हें भी इसकी परिधि मे बाहर नहीं रखा जाना चाहिए क्योंकि यह बिल बड़ा संक्षिप्त है और इसके तीन-चार उद्देश्य ही बताए गए हैं । मैं समझता हूं कि इसमे जो पब्लिक सरवेंट की व्याख्या की गयी है और केन्द्र सरकार को भ्रष्टाचार के केसिज में स्पेशल

कोर्ट बनाने के लिए यह प्रावधान करने की बात कही गई है और इंडियन पीनल कोड के सैक्शन 161 से लेकर 165 तक का जो प्रॉविजन है उसको भी इससे संबधित करने का प्रयास किया गया है । मैंने शुरू में कहा मान्यवर, और पुनरावृत्ति हो रही है कि सरकार में बैठे लोगों को भी मंत्री-मंडल के लोगों को भी इस कानून की परिधि से बाहर नहीं रखना चाहिए था । यह सब लोग जब आते मान्यवर, तब कहीं भ्रष्टाचार पर नियंत्रण पाया जा सकता है वरना भ्रष्टाचार तो इस देश का कैंसर हो गया है, भंयकर रोग हो गया है । अभी मान्यवर, इसी सदन में 65 करोड़ रुपए के बोफोर्स पर दो बार बहस हुई और ज्योत्सना लिमिटेड कम्पनी के साढ़े छः करोड़ रुपए की एक दिन बहस हुई । मान्यवर, जब इस देश में इतने बड़े-बड़े घपले होंगे तो छोटे अधिकारी जो जिले में, राज्य प्रदेश में रहते हैं, तहसील और ब्लाक में रहते हैं, उनके हौसले तो बढ़ते चले जा रहे हैं । वह उदाहरण देते हैं मान्यवर कि जब इस देश में 65 करोड़ रुपए का घपला हो सकता है, साढ़े छः करोड़ रुपए का घपला हो सकता है तो हमारा तो मामला हजार, दो हजार का चल रहा है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री सत्य प्रकाश मालवीय) : आप कृपया समाप्त करें ।

श्री ईश दत्त यादव : : मैं समाप्त कर रहा हूं । मान्यवर मैं समाप्त ही कर रहा हूं । इन्ही शब्दों के साथ मान्यवर कि आपके माध्यम से अपने गृह राज्य मंत्री माननीय चिदम्बरम् साहब से और सरकार से यह अपेक्षा करता हू कि कानून तो आपके पास बहुत हैं और फिर यह कानून भी आप पास करा ले जाएंगे, लेकिन अगर सचमुच आप चाहते हैं कि इस देश से भ्रष्टाचार मिटे, खतम हो तो आपको इन कानूनों का, इन उपबंधों का कड़ाई से पालन करना होगा वरना इस देश से भ्रष्टाचार समाप्त होने वाला नहीं है, आप लोग भले ही समाप्त हो जाएं ।

उपसभाध्यक्ष (श्री सत्य प्रकाश मालवीय) : श्री हरि सिंह जी ।

श्री हरि सिंह (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी आज इस सदन में प्रिवेंशन आफ करप्शन बिल 187 पर चर्चा चल रही है और मुझे खुशी है कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार को मिटाने और उसका निवारण करने के लिए यह बिल इतने विस्तृत रुपये से लाई है । भ्रष्टाचार की जो शिकायतें चली आ रही थी और भ्रष्टाचार जो सरकारी कर्मचारियों में शुरू हुआ वह 1771 क्लाइव के वक्त से शुरू हुआ और वह तब से बराबर चला आ रहा है । हमारी कांग्रेस सरकार ने वक्त-वक्त पर भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए कानून बनाए लेकिन कानून से बच निकलने वाले लोग अपनी तरकीब से ऐसी चीजें निकाल लेते थे कि बुरे से बुरा भ्रष्टाचार करने के बाद भी भ्रष्टाचार से बच निकलते थे । कानून के हाथ बड़े मजबूत और लम्बे होते है लेकिन जो चतुर लोग होते हैं, बड़े लोग होते हैं वे अक्सर कानून की पकड़ से बच जाते हैं । तो मैं अपनी सरकार को बधाई देना चाहता हूं कि इस बार जो वह बिल लाई है, भ्रष्टाचार निरोधक जो कानून बनेगा इसमें जो सारी कमिया और खामिया थी उनको दूर कर दिया गया है और मैं समझता हूं कि इसके लागू हो जाने के बाद भ्रष्टाचार को मिटाने में बहुत सफलता मिलेगी, उस पर करारी चोट पड़ेगी और पब्लिक में जो आम जनता है, हमारे देश के जो नागरिक हैं उनमें साहस जागेगा कि अब इस देश में भ्रष्टाचार मिटेगा । इस कानून के तहत स्पेशल जज मुकर्रर करने का प्रावधान रखा गया है । स्टेट सरकार को भी केन्द्र सरकार को भी भ्रष्टाचार के जो मामले हैं उनको सीमित-रली तय करने का भी इसमें प्रावधान है और साथ ही साथ यह भी कहा गया है कि जो यकीन दिलाये, भरोसा दिलाये, जानकारी देगा उसको हम थोड़ी सी इस कानून के मातहत रियायत भी दे सकते हैं क्योंकि बड़े चोर को पकड़ने के लिये कभी-कभी छोटे भ्रष्टाचारी को कुछ मुलामियत बरतनी पड़ती है इसलिये कि जो बड़ी मछली है

[श्री हरि सिंह]

भ्रष्टाचार का जो वाध है उसको पकड़ने के लिये उनको कुछ मदद करनी पड़ती है। सारे प्रावधान इसमें रखे गये हैं। जैसा कि मैंने कहा हमारी सरकार के नीयत, मन, पालिसी, प्रोग्राम यह सब बड़े साफ हैं इस बात के लिये कि हिन्दुस्तान में एक कानून से बनी निर्मल सरकार चन, भ्रष्टाचार के सहारे कोई किसी को दबा न सके। यह सारी चीजें इसमें रखी गई है और इसमें एक बात और अच्छी रखी गई हैं कि जो पुलिस आफिसर हैं अगर उनको पता लगेगा कि इसमें भ्रष्टाचार है तो वह बैंकर्स की बुक को भी देख सकते हैं, उसको जाकर चैक कर सकते हैं। तो यह जो बिल है वह बहुत ही इस मामले में विस्तृत और मजबूत है कि भ्रष्टाचार की पकड़ से बच निकलना मुश्किल होगा। तो मैं कह रहा था कि हमारी सरकार की बड़ी साफ नीयत और कार्यक्रम है कि देश के अन्दर स्वच्छ और निर्मल सरकार आये।

श्रीमन्, आप जानते हैं कि सरकारी कर्मचारियों की लाल फीताशाही के साथ ही इनकी फाइल चलती है, आगे से पीछे और पीछे से आगे चलती है। इनका रुपया लेने का जो तरीका है उस सब को रोकने के लिये उस पर चोट करने के लिये इसमें प्रावधान किया गया है।

श्रीमन्, आप जानते हैं कि हमारे यहां प्रजातंत्र है और प्रजातंत में पब्लिक के नुमाइंदे होते हैं जो आते चले जाते हैं, पब्लिक ईमानदारी के आधार पर फिर चुनती है तो वे फिर आते हैं, लेकिन हमारा जो ब्यूरोक्रेटिक सेट अप है, जो हमारे कर्मचारीगण हैं वे परमानेंट होते है। अगर उनमें भ्रष्टाचार घुस जाता है या नाजायज रुपया कमाने की कामना बलवती हो जाती है तो हमारा प्रजातंत्र लड़खड़ा सकता है। इस बात को मद्देनजर रखते हुये यह जो कानून सदन में आया है यह हमारी व्यवस्था को मजबूत करेगा। मुझे खुशी है कि हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कदम उठाये हैं। अखबारों में, मैगजीनों में कोई जगह ऐसी नहीं बची है जहां काला बाजारियों को या नाजाइज रुपया लेने वालों को सजा न दी हो। दिल्ली के बड़े-बड़े अफसर, डी.डी.ए. के बड़े बड़े अफसर या ठेकेदारों को पकड़ा गया है, गोदाम वालों को पकड़ा गया है, कस्टम वालों को पकड़ा गया है, इनकम टैक्स के कर्मचारियों के पास लाखों करोड़ों रुपये मिले हैं, उनको पकड़ा गया है। इस तरह से जाहिर है कि छापे एक के बाद एक पड़ते जा रहे हैं।

श्रीमन्, एक बात और मैं कहना चाहता हूं कि सरकार के जो बड़े बड़े अधिकारी हैं उनकी आज नींद हराम हो गई है। इस कानून के आने के बाद उनकी नींद और हराम होगी। जो भी आज भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं वे इसके काबू में आयेंगे। लेकिन बार बार बोफोर्स का मामला उठाना जब कि इसका जवाब कितनी बार आ चुका है और बार बार एक झूठ को कहकर उसको सच कराना अच्छा नहीं है। इस देश के प्रबुद्ध लोग समझते हैं, जनता समझती है कि उसमें कुछ नहीं है। मुझे यकीन है कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार को खत्म करेगी। सरकार ने इस बिल में समरी ट्रायल का प्रावधान किया है, जजों का प्रावधान किया है। इके साथ ही आप देखें कि भ्रष्ट कर्मचारियों के साथ सख्ती की जायेगी, उनकी संपत्ति भी ले ली जायेगी, सारी चीजों को नजर में रखकर यह कानून लाया गया है। इसकी जो मंशा है वह बड़ी साफ है। इससे देश के अन्दर एक नया दौर शुरू होगा और जो कदम कदम पर हमारी सोसाइटी में, हमारे समाज में भ्रष्टाचार हो गया है, उसको मिटायेगा। इसकी तरफ हमारी सरकार बराबर चल रही है। आप जानते हैं कि आज हमारे देश को इससे बहुत पैसे का नुकसान होता है। मेरी समझ में यह बिल बहुत अच्छा साबित होगा। इसके साथ ही मैं यह भी कहना चाहता हूं कि कोई भी बिल कितना ही मजबूत बना लिया जाय, लेकिन यदि जनता जब तक तय नहीं करेगी कि इसके लिये हमने रुपया नहीं देना है, बेइमानी से काम नहीं कराना है भले ही इसमें हमें तकलीफ हो, हम नाजाइज रुपया नहीं देंगे जब तक कोई भी कानून सफल नहीं हो सकता है। मुझे बड़ी खुशी है विस्तृत नयी चीजें लेकर आये हैं मैं इसका

समर्थन करता हू और आशा करता हूं कि यह जरूर पास होगा । जयहिन्द ।

PROF. (MRS.) ASIMA CHATTERJEE (Nominated): Thank you Mr. Vice-Chairman, Sir, for giving me the opportunity to speak on the Prevention of Corruption Bill, 1987. The Prevention of Corruption Bill was enacted in Parliament in 1947 and the Bill which has now been placed before this august House is to be considered for consolidating and amending the law relating to the Prevention of Corruption the Criminal Amendment Act 1952 and the Criminal Law Amendment Ordinance 1944 and other matters connected therewith in one enactment. This is the special feature of the Bill. Considering the various important aspects of this Bill, I support it but I would like to make a few comments. The illegal acceptance of remuneration of donation for admission and even gift for fulfilling ill-motivation is to be guarded against as corruption which is increasing and demoralising our young generation and tarnishing the image of our country. Corruption is found to be prevalent in all spheres. It has percolated from higher officials to junior officials and practically in all administrative services, it is prevalent. The poor people may be involved in corruption for their survival as we find, in case of Jean Valjin. We know the story of Jean Valgin, who for a loaf of bread which he had stolen for his nephew, for his family, was put inside the jail. So, the question of poor people does not arise in this case. Even those who are well off are practising corruption. The modern society, and affluent people are responsible for such demoralisation. However, the Government are making serious efforts to prevent corruption through Administrative Vigilance Division, under the Ministry of Personnel, secondly, the Central Vigilance Commission which is rather an independent authority and the Central Bureau of Investigation. In this context I would like to point out that unless the Government officers are honest and sincere, the efforts of the Government would be futile. I, therefore, would like to know from the hon. Minister what machinery is being evolved to investigate whether the senior officers in the top rank in the Government departments are free from corruption. The Government have not yet been able to take action against capitation fee. Sir, a provision has been made in the Bill to appoint special judges. This is without derogation of the powers of the State Government to appoint special judges and special magistrates, who would be entrusted to examine the corruption cases and to take the necessary measures. I wonder, how far this procedure will be effective as this needs full cooperation and coordination of the States and the Centre. Moreover, in the selection of judges and magistrates, the Centre and the States must be extremely cautious so that the right persons are selected because many persons go scot-free on account of the liberal attitude of the judges as they take bribes and also on account of interpretation of the legal points by courts. In this connection, it needs mention that the legislation must be very clear and it must be without any ambiguity so that the situation as already mentioned above may not arise and confuse the judgment. It is also desirable that the judges must dispose of the corruption cases within a reasonably short period, even considering the interim stay for those cases. There should be time limit for finalising the judgment. However, it has been a good gesture on the part of the Government to lay down the parameters for the courts. It has been provided in the Bill that the courts shall not provide interim stay except in certain special cases but this is not going to take care of the power of the High Court under articles 226 and 227 and this will only affect the statutory powers of the High Court under Criminal Procedure Code. It is, therefore, desirable to amend the articles 226 and 227 so that the corrupt people may not escape on benefit of doubt. Sir, I think, clause 6 is to be made more clear. Why previous sanction is necessary for prosecution ?

